आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 26.10.2025
समय 13.05

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। कहा– छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 2 नवंबर से तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर रहेंगी। श्रीमती मुर्मू 3 नवंबर को उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगी।
- उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने शीतकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी फील्ड अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए।
- पुलिस महानिरीक्षक नीलेश आनंद भरणे ने एसटीएफ और सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि छठ का महापर्व संस्कृति, प्रकृति और समाज के बीच की गहरी एकता का प्रतीक है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने छठ पर सभी लोगों विशेष रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वांचल के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि समाज का प्रत्येक वर्ग छठ घाटों पर एक साथ आकर भारत की सामाजिक एकता का सबसे सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है।
श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने प्रत्येक भारतीय को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि इस बार एक समय माओवादी आतंक से प्रभावित इलाकों में भी खुशी के दीये जलाए गए।
प्रधानमंत्री ने वस्तु और सेवा कर – जीएसटी बचत उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह पर खुशी व्यक्त की। त्यौहारों के मौसम में स्वदेशी वस्तुओं की जबरदस्त खरीदारी पर भी उन्होंने खुशी जताई।
प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने भारत के इनतमंनबतंजपब तिंउमूवता की एक मजबूत नींव भी रखी। उन्होंने सभी से 31 अक्टूबर को देश भर में आयोजित होने वाली रन फॉर यूनिटी में भाग लेने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति दौरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 2 नवंबर से तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से उनके आगामी दौरे का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। राष्ट्रपति 2 नवंबर को हरिद्वार स्थित पतंजलि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। उसी शाम वे देहरादून के राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति निकेतन में रात्रि विश्राम करेंगी।
3 नवंबर को राष्ट्रपति उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करेंगी। इसके बाद, 4 नवंबर को वे कैंची धाम के दर्शन करेंगी और तत्पश्चात कुमाऊँ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता खजान दास ने बताया कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे के तैयारियां चल रही हैं।

छठ महापर्व

आज छठ महापर्व का दूसरा दिन है। इसे खरना के नाम से जाना जाता है। आज के दिन श्रद्धालु सूर्योदय से सूर्यास्त तक निर्जला उपवास रखते हैं। सूर्यास्त के समय सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद ही व्रत खोला जाता है। चार दिवसीय छठ पूजा कल नहाय–खाय के साथ शुरू हुई। सूर्य देव और उनकी बहन छठी मैया की पूजा को समर्पित यह पर्व पवित्रता, कृतज्ञता और कल्याण की भावना का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने सभी व्रतियों की अटूट भक्ति को नमन किया। इस अवसर पर, प्रधानमंत्री ने छठी मैया को

समर्पित एक भक्ति गीत भी साझा किया। प्रधानमंत्री ने कामना की कि छठी मैया सभी पर अपनी असीम कृपा बनाए रखें।

निर्बाध विद्युत आपूर्ति

उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड– यूपीसीएल के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने शीतकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी फील्ड अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि अत्यधिक ठंड, नमी, कोहरा, वर्षा और बर्फबारी जैसी परिस्थितियाँ बिजली वितरण प्रणाली को प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए प्रत्येक वितरण खंड को विद्युत नेटवर्क की निगरानी करते हुए आवश्यक तकनीकी कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

सभी उपकेंद्रों, फीडरों और ट्रांसफॉर्मरों का विशेष निरीक्षण कर निवारक रखरखाव कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा गया है। अधिकारियों को पर्याप्त मात्रा में ट्रांसफॉर्मर, केबल, कंडक्टर और इंसुलेटर जैसी सामग्री उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आपात स्थिति में बिजली आपूर्ति तुरंत बहाल की जा सके।

पुलिस समीक्षा

पुलिस महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, नीलेश आनंद भरणे ने एसटीएफ और सभी जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपराध और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की।

बैठक में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन, साइबर अपराधों पर नियंत्रण और जन सुरक्षा सुनिश्चित करने पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों को गंभीर अपराधों में तत्काल साक्ष्य संकलन और वीडियो रिकॉर्डिंग पूरी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, अपराधियों की अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर जांच के दौरान उनके अधिग्रहण की कार्रवाई करने को कहा गया।

वाहन चोरी और लूट जैसे अपराधों के खुलासे और बरामदगी बढ़ाने के साथ ही एनडीपीएस एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

साइबर अपराधों के त्वरित निस्तारण, खोए हुए मोबाइल फोनों की जानकारी सीईआईआर पोर्टल पर अपलोड करने तथा उत्तराखंड पुलिस एप के व्यापक प्रचार पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं की निगरानी और अराजक तत्वों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी किए गए।

जीएसटी

देशभर में वस्तु एवं सेवा कर– जीएसटी उत्सव मनाया जा रहा है। 22 सितंबर से देशभर में जीएसटी की नई दरें लागू हो गई हैं। जीएसटी दरों में कटौती से आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। आकाशवाणी से बातचीत में केंद्रीय गढ़वाल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. ए. बी. थपलियाल ने बताया कि जीएसटी सुधारों से एलआईसी और डाकघर की विभिन्न योजनाओं में जीएसटी शून्य करने से बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस ऐतिहासिक निर्णय से अब अधिक से अधिक लोग जीवन बीमा करवाएंगे।

मेला

रुद्रप्रयाग जिले के जखोली में कृषि, औद्योगिक एवं पर्यटन विकास मेला शुरू हो गया है। मेले में सरकारी और गैर–सरकारी संस्थाओं के स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ आगंतुकों ने उत्पाद खरीदे और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

मेले का शुभारंभ करते हुए क्षेत्रीय विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय व्यापारियों को विपणन का अवसर मिलता है। साथ ही, कृषि यंत्रों और आधुनिक उपकरणों के उपयोग से किसानों को उत्पादन में वृद्धि का लाभ होता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मेले ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ ही स्थानीय महिला मंगल दलों, स्वयं सहायता समूहों और कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं।